**1. धान की अधिकतम उपज प्राप्त करने के लिए कौन-सी जलवायु उपयुक्त मानी जाती है?**

A. शुष्क और गर्म

B. समशीतोष्ण और शुष्क

C. उच्च तापमान और अधिक वर्षा

D. ठंडी और सूखी (C)

*व्याख्या:* धान की अच्छी उपज के लिए 25°–30°C तापमान और 100 से 200 सेमी वर्षा आवश्यक होती है।

**2. मक्का किस कुल (family) की फसल है?**

A. Fabaceae

B. Poaceae

C. Solanaceae

D. Malvaceae (B)

*व्याख्या:* मक्का, धान, गेहूं, ज्वार आदि सभी फसलें Poaceae (घास कुल) से संबंधित होती हैं।

**3. ज्वार की बुवाई के लिए उपयुक्त तापमान कितना होना चाहिए?**

A. 15–20°C

B. 25–30°C

C. 30–35°C

D. 40–45°C (C)

*व्याख्या:* ज्वार की बुवाई के लिए 32°C से 35°C तापमान उपयुक्त होता है।

**4. बाजरा फसल की बीज मात्रा प्रति हेक्टेयर कितनी होती है?**

A. 5–10 किग्रा

B. 8–10 किग्रा

C. 15–20 किग्रा

D. 25–30 किग्रा (C)

*व्याख्या:* बाजरा की बुवाई हेतु सामान्यतः प्रति हेक्टेयर 15–20 किग्रा बीज की आवश्यकता होती है।

**5. धान की बुवाई की प्रमुख विधि कौन सी है?**

A. ड्रिलिंग विधि

B. ट्रांसप्लांटिंग (रोपाई)

C. डायरेक्ट सीडिंग

D. यर सॉइंग (B)

*व्याख्या:* धान की पारंपरिक बुवाई पक्की नर्सरी से पौधे तैयार कर खेत में रोपाई (Transplanting) द्वारा की जाती है।

**6. मक्का में खरपतवार नियंत्रण के लिए कौन-सी यौगिक का प्रयोग किया जाता है?**

A. पेंडीमिथालिन

B. क्लोडिनाफॉप

C. इमेजेथापाइर

D. एट्राजीन (D)

*व्याख्या:* मक्का में एट्राजीन का प्रयोग खरपतवार नियंत्रण हेतु किया जाता है।

**7. गेहूँ की वैज्ञानिक नाम क्या है?**

A. Zea mays

B. Oryza sativa

C. Triticum aestivum

D. Sorghum bicolor (C)

*व्याख्या:* गेहूँ का वैज्ञानिक नाम Triticum aestivum है।

**8. ज्वार की उपज प्रति हेक्टेयर औसतन कितनी होती है?**

A. 20–25 क्विंटल

B. 10–15 क्विंटल

C. 35–40 क्विंटल

D. 60–70 क्विंटल (A)

*व्याख्या:* उन्नत किस्मों की खेती में ज्वार की उपज औसतन 20–25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है।

**9. बाजरा की रोपाई के लिए मिट्टी का pH कितना उपयुक्त होता है?**

A. 4–5

B. 5–6

C. 6–8

D. 8–9 (C)

*व्याख्या:* बाजरा के लिए बलुई दोमट मिट्टी जिसका pH 6–8 हो, उपयुक्त मानी जाती है।

**10. धान की फसल की कटाई के लिए कौन-सा समय उपयुक्त होता है?**

A. फूल आने के तुरंत बाद

B. दूध अवस्था

C. जब पौधा पूरी तरह सूख जाए

D. जब बालियाँ पीली होकर झुकने लगें (D)

*व्याख्या:* धान की कटाई तब की जाती है जब बालियाँ पीली होकर झुकने लगती हैं, यह पकने की पहचान है।


मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES